सार-समाचार

विभिन्न गतिविधियां आयोजित

झालावाड़, (निसं)। स्वच्छ भारत मिशन के तहत सम्पूर्ण देश में चलाए जा रहे ''स्वच्छता ही सेवा अभियान'' के अन्तर्गत जिले में विभिन्न स्थानों पर बुधवार को कई गतिविधियां आयोजित की गई। जिसमें नगर पालिका पिड़ावा क्षेत्र में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित कर पौधारोपण किया गया। इस दौरान संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, नगर पालिका स्टाफ एवं मनरेगा श्रमिक उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त नगर पालिका भवानीमण्डी क्षेत्र में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा डंपिंग यार्ड में एक पेड मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। वहीं नगर पालिका अकलेरा द्वारा स्वच्छता लक्षित इकाई का चयन कर सफाई करवाई गई। वहीं नगर परिषद् झालावाड़ में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की जांच की गई। नगरपालिका झालरापाटन में ''स्वच्छता ही सेवा अभियान'' के तहत नागरिकों को स्वच्छता एप्प की जानकारी प्रदान की गयी एवं स्वच्छता एप्प डाउनलोड करवायी गयी एवं साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता एप्प के होर्डिंग्स व पोस्टर लगवाए गए।

अनीता डांडिया महोत्सव की संयोजक बनी

बून्दी (निसं)। सर्व ब्राह्मण महिला मंडल बूंदी के डांडिया महोत्सव कार्यक्रम 2024 की तैयारी हेतु शगुन होटल में बुधवार को अध्यक्ष किरण शर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। प्रवक्ता नूतन तिवारी ने बताया कि बैठक में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। बैठक में सचिव अरुणा चतुर्वेदी ने डांडिया महोत्सव में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। कोषाध्यक्ष कीर्ति सुखवाल ने आय व्यय का ब्योरा सभी के समझ रखा। सभी उपस्थित महिलाओं ने सर्वसम्मति से अनीता शर्मा को डांडिया महोत्सव का संयोजक एवं मीनाक्षी दाधीच को सह संयोजक नियुक्त किया। संरक्षक मीनू शर्मा एवं अंजना शर्मा ने चुने गए संयोजकों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने हेतु सुझाव महामंत्री प्रेमलता दाधीच ने दिए। बैठक में सुलक्षणा शर्मा, इंदु शर्मा, श्वेता शर्मा, भारती शर्मा, स्मिता शर्मा, ममता शर्मा, संध्या शर्मा, मीनू शर्मा अंजना शर्मा अनीता शर्मा मीनाक्षी दाधीच कीर्ति सुखवाल अरुणा चतुर्वेदी किरण शर्मा प्रेमलता दाधीच आदि महिलाएं उपस्थित रही

निर्माण कार्य के लिए सहयोग राशि भेंट

रावतभाटा, (निसं)। पंजाबी धर्मशाला अयोध्यापुरी के चल रहे निर्माण कार्य के लिए सहयोग राशि भेंट की। रावतभाटा पंजाबी समाज के अध्यक्ष बाल किशन गुलाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि बाजार क्षेत्र के वार्ड नंबर 8 में स्थित पंजाबी धर्मशाला अयोध्यापुरी का पंजाबी समाज समाज के लोगों द्वारा निर्माण कार्य करवाया जा रहा हैं, जिसमें रावतभाटा के अलावा कोटा से भी पंजाबी समाज बंधु सहयोग कर रहे हैं। जिसमें कोटा के जिला एवं सेशन न्यायालय के प्रोटोकॉल ऑफिसर ललित अरोड़ा ने अपने स्वर्गीय माता एवं पिता गोदाराम अरोड़ा, शांति देवी की स्मृति में 55 हजार 1 रुपए पंजाबी धर्मशाला अयोध्यापुरी के निर्माण के लिए भेंट किए। इस मौके पर पंडित गुलशन शर्मा, बलदेव माटा, राजकुमार वधवा, जगदीश छाबड़ा, संजय वधवा, विजय अरोड़ा, कमल अरोड़ा, टीटू वधवा, प्रकाश वधवा सहित समाज बंधु मौजूद रहे। पंजाबी समाज अध्यक्ष बालकिशन गुलाटी ने सभी सहयोग करने वालों का आभार जताया।

बच्चों की स्वास्थ्य की जांच की

छीपाबड़ौद (निसं)। होम्योपैथिक चिकित्सा विभाग की ओर से राजकीय प्राथमिक विद्यालय हरनावदाजागीर में स्कूली बच्चों के लिए नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विधार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गई, जिसमें कुछ बच्चे जो खांसी, जुकाम, बुखार, चर्म रोग, सिर दर्द, पेट दर्द, दांत दर्द, एवम् मौसमी बीमारियों से ग्रसित पाए गए, उन बच्चो को होम्योपैथी दवाई दी गई। इस मौके पर डॉ सुनिता मीणा ने बताया कि होम्योपैथी दवाइयों का कोई दुष्प्रभाव नहीं होता, बल्कि इससे शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है। वहीं डॉ सुनिता मीणा का प्रधानाध्यापक के द्वारा आभार व्यक्त किया गया है। डॉ मीणा के द्वारा आमजन को होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धित के लिए जागरूक किया एवं नि:शुल्क होम्योपैथिक दवाईयों से उपचार हेतु होम्योपैथी को अपनाने का सुझाव दिया गया।

पूर्व मुख्यमंत्री से मुलाकात की

छीपाबड़ौद (निसं)। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मूलचंद शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली से मुलाकात कर छीपाबडौद की समस्याओं का अवगत कराया। उन्होंने बताया कि छबडा छीपाबडौद में अतिक्रमण अवैध खनन का कारोबार चल रहा है। भाजपा के शासन में, क्षेत्र में चोरियां वारदात बढ़ रही हैं। महिलाओं अत्याचार दलितों अत्याचार लूट हत्या प्राण घातक हमले आरोपी सरेआम घूम रहे हैं। पुलिस व प्रशासन द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को नाजायज परेशान किया जा रहा है। क्षेत्र में बारिश के बाद मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ रहा है। ग्राम पंचायत पछाड़ के क्षेत्र में डेंगू, स्क्रब टाइफस की बीमारियां से कई लोग पीडित हैं। अधिक बारिश होने के कारण फसल खराबे सर्वे कर मुआवजा देने की मांग को लेकर भी अवगत कराया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने समस्याओं को लेकर विधानसभा में जोरदार उठाने की मांग की।

प्रकरणों की समीक्षा बैठक हुई

झालावाड़, (निसं)। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण प्रकरणों की समीक्षा बैठक बुधवार को जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय में आयोजित की गई। बैठक में जिला कलेक्टर ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति कोर्ट, पुलिस थानों एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में दर्ज, निस्तारित एवं शेष प्रकरणों पर चर्चा कर प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने एससी-एसटी कोर्ट में अधिक संख्या में लम्बित् चल रहे प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक कैलाश चन्द, विशिष्ट लोक अभियोजक एस.सी.एस.टी. कोर्ट विवेक सक्सेना, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक रामनिवास यादव एवं सहायक निदेशक अभियोजन कमलेश शर्मा उपस्थित रहे।

योग खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

रावतभाटा, (निसं)। 68 वीं जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता गंगरार के स्कूल में आयोजित हो रही हैं। प्रतियोगिता के प्रथम दिन रेनखेडा के 17 वर्ष छात्र योग खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 119.50 अंक प्राप्त कर जिला चैंपियन बने। प्रतियोगिता के सह मुख्य निर्णायक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 17 वर्ष छात्र में रिनखेड़ा के खिलाड़ियों ने गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला चैंपियन ट्रॉफी पर अपना दबदबा बनाए रखा। टीम प्रभारी राधेश्याम बंजारा ने बताया कि टीम में लोकेश माली, कन्हैयालाल माली, अरविंद माली, नैतिक माली, नमन गुर्जर के बेहतर प्रदर्शन रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्य माया बाड़ोलिया ने बताया कि विद्यालय में योग का नियमित अभ्यास से विद्यार्थी जिला चैंपियन बने हैं।

मार्च के बाद नहीं मिली मजदूरी

छबड़ा (निसं)। शहरी रोजगार गारंटी योजना में कार्यरत श्रमिकों को मार्च माह के बाद से मजदूरी नहीं मिली हैं। महिला श्रमिकों ने विधायक प्रतापसिंह सिंघवी से बकाया भुगतान दिलाए जाने की मांग की हैं। उर्मिलाबाई, सीमा चौबदार, ओमप्रकाश, ज्योति जैन, पूनम कष्यप, पूनम शर्मा, मंजू बाई, गायत्री बाई, नवली बाई आदि ने विधायक सिंघवी को प्रेशित किए पत्र में बताया कि उन्हे मार्च माह के बाद मस्ट्रोल की राशि नहीं मिली हैं, जिसके कारण उन्हे काफी परेषानी का सामना करना पड़ रहा हैं। लम्बे अंतराल के बाद भी बकाया भुगतान नही मिलने के कारण उन्हें आर्थिक परेशानी भी झेलनी पउत्र रही हैं। उन्होने निर्धारित मजदूरी का शीघ्र भुगतान किए जाने की मांग की है।

शव परिजनों को सौंपा

छबड़ा (निसं)। कस्बे के बस स्टैण्ड पर मंगलवार को एक अधेड़ व्यक्ति की मृत्यु हो गई। एएसआई सुरेश नागर ने बताया कि मोठपुर निवासी भोजराज (50) पुत्र मांगीलाल धोबी छबड़ा बस स्टैण्ड पर खल्लासी का कार्य करता था। जो अधिकतर बीमार रहता था। मंगलवार को भोजराज की मृत्यु हो गई। मृतक के पुत्र सुनील व परिजनों ने पोस्टमार्टम करवाने से इंकार कर दिया। इस पर षव परिजनो को सौंप दिया।

जिला स्तरीय जनसुनवाई आज

झालावाड़ (निसं)। त्रिस्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं उनके त्वरित निस्तारण के लिए जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में गुरूवार, 19 सितम्बर को प्रात: 11 बजे मिनी सचिवालय स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी रूम में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जाएगी।

सकारात्मक बदलाव के लिए सामाजिक कार्यकर्ता कार्य करें : बिरला

बून्दी (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को बूंदी शहर व ग्रामीण क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। इस दौरान क्षेत्र के समग्र विकास सहित विभिन्न विषयों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए, साथ ही अपने-अपने क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं को व्यक्तिगत रूप से बिरला को बताया।

स्पीकर बिरला ने सामाजिक कार्यकर्ताओं से कहा कि जिस क्षेत्र में सामाजिक कार्यकर्ता जमीन से जुड़कर कार्य करते हैं वहां किसी भी तरह की परिस्थिति समस्या का रूप नहीं ले सकती। सामाजिक कार्यकताओं को समस्या खडी होने से पहले उसका आभास हो जाता है और वह व्यक्तिगत अथवा जनप्रतिनिधि की सहायता से उसके समाधान में जुट जाता है।

बिरला ने कहा कि हमें आदर्श व्यवस्था विकसित करने के प्रयास करने चाहिए। हमारे आसपास कोई ऐसा न हो जो धन के अभाव में शिक्षा या स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रहे। समाज में जागरुकता का अभाव न रहे, सक्रिय और जुझारू सामाजिक कार्यकर्ता जीवन की इन जटिलताओं को बेहद आसानी से खत्म कर सकता है। कार्यशैली में निरंतर सुधार आवश्यक है। यदि जीवटता के साथ काम करेंगे तो जो सामाजिक बदलाव हम लाना चाहते हैं, वह जरूर आएगा।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया।

योजनाओं का लाभ दिलाएं:- बिरला ने कहा कि कार्यकर्ता और प्रबुद्धजन मानवीय संवेदना से कार्य करें। वंचित और अभावग्रस्त वर्ग के लोगों को केंद्र और राज्य की योजनाओं का लाभ दिलवाएं। यदि कोई ऐसी आवश्यकता हे जो योजना के दायरे में नहीं आती तो बताएं, हम उसकी व्यवस्था करेंगे। लेकिन हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि आशा के साथ हमारे पास आया व्यक्ति निराश होकर नहीं जाए।

गौतम समाज डांडिया महोत्सव 6 अक्टूबर को

बून्दी (निसं)। डांडिया महोत्सव को लेकर गौतम समाज के महिला मंडल की बैठक मां वैष्णो देवी मंदिर में जिला अध्यक्ष ममता शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में कार्यकारिणी व मण्डल के सदस्यो की सहमति से डांडिया आयेजन समिति का गठन किया गया, जिसमें भावना गौतम, अर्चना शर्मा, अनिशा शर्मा, कोमल जोशी व संजना शर्मा को सम्मिलित कर डांडिया आयेजन की जिम्मेदारी दी गई। प्रवक्ता श्वेता शर्मा ने बताया कि डांडिया का आयोजन 6 अक्टूबर को गौतम छात्रावास में शाम को 6 बजे से किया जाएगा।

मदरसा विधार्थियों को पुरस्कार दिए

रावतभाटा, (निसं)। रावतभाटा जामा मस्जिद जमातखाना में रात पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के मौके पर जलसा आयोजित हुआ। अंजुमन सदर हाजी मजहर हुसैन भाटी की अध्यक्षता में आयोजित जलसा में डॉ. फरीद नक्शबन्दी, हाफिज सौहेल, हाफ़िज़ समीर, मौलाना जुल्फीकार अहमद रिज़वी ने तकरीर और नातिया कलाम पेश किए।

मौलाना जुल्फीकार ने उपस्थित लोगों से कहा कि पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब आज के ही दिन पैदा हुए थे और वफात भी आज के ही दिन पाए थे। मोहम्मद साहब के बताए हुए मार्ग पर लोगों को चलना चाहिए। उन्होंने स्वच्छता अभियान, दहेज प्रथा को खत्म करना, नशाखोरी से परहेज करना, बुराइयों से बचना आदि बातों के बारे में लोगों को समझाया। डॉ. फरीद नक्शबंदी ने खासकर शिक्षा तालिम पर जोर देते हुए कहा कि इल्म के बगैर दुनिया अंधेरी कोठरी है। इसलिए सभी लोग अपने-अपने बच्चों को स्कूल, मदरसा भेजकर इल्म से आरासता कराए। इससे पहले मदरसा और तालीम सेंटर के विधार्थियों काई तालीमी कम्पीटिशन कार्यक्रम आयोजित हुआ। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए गए। संचालन एजुकेशन कमेटी चेयरमैन हनीफ आशिक और अशफाक हुसैन ने किया। कार्यक्रम में अंजुमन सदर हाजी मजहर हुसैन भाटी, सेकेट्री मोहम्मद हुसैन, केशियर इम्तियाज हुसैन, मोहम्मद हनीफ मंसूरी, अज्जू खां, हैदर अली, हाजी अफीजुल्ला खा, हाजी आजाद हुसैन, हाजी एडवोकेट अजीज हुसैन, जाकिर हुसैन शेख फारूक मोहम्मद, शेख हबीब पेंटर, हबीबुर्रहमान अंसारी, मोहम्मद इक़बाल, शराफ़त साबरी, नियाज़ मोहम्मद, जुबेर अली, आरिफ, सत्तार मंसूरी, आरिफ मामू भूरिया, उस्ताद अशफाक, साबरी मौहमूद, अरबाज खान, अनस शेख, फ्याज मोहम्मद, जाहिद अली, शबीर ताई, आबिद हुसैन, सोमू रियाज खोखर वसीम मोहम्मद सलाम फोजी लतीफ अंसारी मोहम्मद सलाम गुड्डू मलंग मंजूर रफीक जाकिर जाकिर गोरी र स राठौर फिरोज अंसारी शारूख अबासी आबिद मंसूरी जावेद अबासी आरिफ बेग शरीफ बैग हमीद हसन गोलूअंसार रेहान खान जफर भाटी शहजाद मोसिन अंसारी शराफत कल्लू हबीब मोहम्मद समेत मुस्लिम समाज की महिलाएं मौजूद रही।

शादी में डीजे की पाबंदी, निकाह की 1100 रुपए फीस होगी, नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई होगी : कादरी

बूंदी (निसं)। पीरजादा अब्दुल शकूर कादरी फिर से बूंदी शहर काजी होंगे। कार्यवाहक शहर काजी गुलाम गौस को उनके पद से कार्यमुक्त कर दिया गया है। शहर के आजाद पार्क के सामने स्थित कादरी कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए काजी काउंसिल के सरपरस्त अब्दुल शकूर कादरी ने जानकारी देते हुए बताया कि लोगों से मिल रहे है।

फीडबैक आधार पर कार्यवाहक शहर काजी गुलाम गौस को उनके पद से कार्यमुक्त किया गया है। शहर काजी पहले में ही था लेकिन मैंने उन्हें अपनी कज्जात संभलाई हुई थी। 5 साल पूर्व कुम्भा स्टेडियम में आयोजित हुए मुस्लिम समाज के सम्मेलन में शहर काजी पद की कुछ शक्तियां देते हुए नायब काजी गुलाम गौस को अपना कार्यवाहक पद संभलाया था और उनसे समाज को नई दिशा देने की उम्मीद की थी लेकिन 5 साल बाद जब उनके कार्यकालों की समीक्षा की गई तो वह कई मोर्चों पर खतरे नहीं उतरे। जिस पर मैंने उन्हें पद से कार्यमुक्त करने की इच्छा जताई। उन्होंने पत्रकारों और जिला प्रशासन से अपील की है कि शहर काजी शब्द का गलत इस्तेमाल करने वाले लोगों चिन्हित किया जाए ताकि बेवजह इस पद को बदनाम नहीं हो।

शहर काजी अब्दुल शकूर कादरी ने

■ अब्दुल शकूर कादरी फिर से बूंदी शहर काजी होंगे

कहा कि पिछले 50 सालों से मेरे पिता चमन कादरी बूंदी शहर काजी पद पर कार्यरत रहे।

उन्होंने समाज को नई दिशा देने का काम किया। पिछले 15 सालों से में बूंदी शहर काजी रहते हुए समाज को एकजुट करने का काम कर रहा हूं। कुछ लोगों का यही काम होता है कि वह विरोध करें मेरे पिता जब शहर काजी हुआ करते थे तब भी उनका लोग विरोध करते थे और आज मैं शहर काजी हूं तब भी लोग मेरा विरोध कर रहे हैं मुझे अपना काम करना है। समाज को लड़ाने वाले लोगों को सबक सिखाना है ताकि हमारे देश में आपसी भाई चारा बना रहे।

शहर काजी का पद वापस संभालने के बाद अब्दुल शकूर कादरी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पूर्व में जब शहर काजी था तब शरीयत के अनुसार शादी में डीजे की पाबंदी लगाई थी अब वापस से जब अपना पद संभाल रहा हूं तो मैं समाज बंधुओं से निवेदन करना चाहता हूं कि वह निकाह में डीजे नहीं बजाये। यदि कोई डीजे बजाएगा तो संबंधित निकाह में कोई भी मौलाना या काजी निकाह नहीं करवाएंगे। यदि नियम तोड़ने की जानकारी मेरे पास आई तो संबंधित मौलाना या काजी का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दूंगा। उन्होंने कहा की शादी में अमन चैन होना चाहिए मुस्लिम समाज में शरीयत के अनुसार इस प्रकार से डीजे बजाकर निकाह करने पर साफ मना किया हुआ है।

शहर काजी अब्दुल शकूर कादरी ने कहा कि लोगों से मिले फीडबैक के अनुसार कई बार सामने आया कि मौलाना निकाह करने के दौरान मनचाहे निकाह की राशि को वसूलते है। यही नहीं बाद में जब विवाह सर्टिफिकेट बनाने के लिए पहुंचता है तो साइन करने की एवज में भी पैसे की मांग की जाती है जिस पर आज से यह फैसला लिया है कि बूंदी शहर या जिले में कहीं पर भी निकाह आयोजित होगी वहां मौलाना 1100 की ऑफिशियल राशि को लगा, यदि नेक के तौर पर कोई ऊपर से देना चाहे तो वह निकाह करने वाले की मर्जी है। लेकिन 1100 की राशि को लेकर कोई मना नहीं करेगा यदि हमारे पास इसकी कोई सूचना आती है तो संबंधित मौलाना पर कार्रवाई की जाएगी।

बूंदी जैतसागर रोड स्थित कादरी परिवार का अमन चैन को लेकर काफी पुराना इतिहास रहा है। मरहूम पीरजादा चमन कादरी लंबे समय तक बूंदी में शहर काजी रहे और उन्होंने अमन चैन को लेकर लोगों में अलख जगाई। बूंदी में कौमी एकता सोसायटी का गठन कर सभी समाजों के लोगों को जोड़ा। आज भी उनके मुरीद देशभर से आज भी उनके आस्ताने पर आते हैं। हर वर्ष उनके पुण्यतिथि पर लोग जुटते है। यही नहीं पूर्व में बड़े राजनेताओं का भी इस परिवार में आना-जाना लगा रहा। पूर्व सीएम अशोक गहलोत, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे सहित कई बड़े नेता परिवार के संपर्क में रहे। पूर्व शहर काजी चमन कादरी का निधन होने के बाद से उनके पुत्र अब्दुल शकूर कादरी शहर काजी का पद संभाल रहे है।

अब्दुल शकूर कादरी का शहर काजी बनने पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। जैसे लोगों को शहर काजी बनने की सूचना मिली तो आजाद पार्क स्थित कादरी कार्यालय पर लोगों का जुड़ना शुरू हो गया, लोगों ने अब्दुल शकूर कादरी का माला पहनाकर स्वागत किया। यहां जिला वक्फ बोर्ड के सचिव मौलाना असलम, कौमी एकता समिति के उपाध्यक्ष महमूद अली, एडवोकेट शिफा उल हक, कांग्रेस पार्षद मोइनुद्दीन फॉरवर्ड, इदरीश बोहरा, राशिद भाई, नासिर मुल्तानी, मुकेश जैन, गुड्डू कादरी, तनवीर कादरी सहित विभिन्न लोग मौजूद रहे।

दहेलवाल जी महाराज मेले का उद्घाटन

बूंदी (निसं)। नैनवां दहेलवालजी महाराज के पंद्रह दिवसीय ऐतिहासिक मेले का विधिवत पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए अधिशासी अधिकारी मोती शंकर नागर ने बताया कि तय कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 12 बजे मेला आयोजन समिति के सदस्य पार्षद गण व अन्य गणमान्य व्यक्ति जुलूस के रूप में नगर पालिका भवन सेदहेलवालजी महाराज के मंदिर पर पहुंचे। जहां पर डीएसपी शंकर लाल मीणा, मेला संयोजक उम्मेद नागर, अधिशासी अधिकारी मोती शंकर नागर, तहसीलदार रामराय मीणा पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए। आचार्य कृष्ण बिहारी शर्मा द्वारा विधि विधान पूर्वक भगवान देहलवाल जी महाराज की पूजा अर्चना करवाई गई।

जुलूस में मसक बैण्ड छतरी नृत्य, कच्छी घोडी नृत्य, अलगोजा गायक वादन आकर्षण के केंद्र रहे। इसके पश्चात सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्ति मेला केम्प गांधी विश्रांति गृह पर पहुंचे। जहां पर शंकरलाल मीणा पुलिस उप-अधीक्षक वृत नैनवा एवं राम राय मीणा तहसीलदार नैनवा के कर कमलो द्वारा फीता काटकर मेला शुभारम्भ किया गया।इस अवसर पर उम्मेद नागर मेला संयोजक, मेला समिति सदस्य सीमा शर्मा, पुखराज ओसवाल, रामबाबू वर्मा,

नैनवां दहेलवालजी महाराज का पंद्रह दिवसीय ऐतिहासिक मेला पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ।

कपिल जैन, राजू चौधरी, पूर्व पालिका अध्यक्ष एवं पार्षद प्रमोद कुमार जैन, पार्षद ओमप्रकाश गुर्जर, दिलकुश पोटर, गोविन्द सैनी, शहर अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह सोलंकी पूर्व शहर अध्यक्ष केसर लाल नोगिया सहित शहर के गणमान्य व्यक्ति व आम नागरिक उपस्थिति रहे। नैनवां दहेलवालजी महाराज के मेले मे पहली बार देखने को मिला कि कांग्रेस शासित पालिका बोर्ड में भाजपा के मेला संयोजक उम्मेद नागर के नेतृत्व मे उद्घाटन हुआ। समारोह से पालिका अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष व अधिकांश कांग्रेस के पार्षद नदारद दिखाई दिए। कस्बे में मामला चर्चा का विषय रहा।

सार-समाचार

क्षमावाणी पर्व धूमधाम से मनाया

छबड़ा (निसं)। दिगंबर जैन ने समाज ने बुधवार को पर्युषण पर्व के समापन के बाद क्षमावणी का पर्व धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर क्षमावाणी एवं स्वर्ण रजत कलश की शोभायात्रा निकाली तथा एक-दूसरे से गत वर्ष की गई भूलों की क्षमा याचना की तथा मंदिर में अभिषेक शांतिधारा के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। महिला मंडल की संरक्षक मंजू लुहाडिया के अनुसार स्वर्ण कलश करने का सौभाग्य हुकमचंद, नितिन कुमार, नलीन कुमार सेठी एवं रजत कलश करने का सौभाग्य प्रकाशचंद जितेंद्र कुमार, शेलेंद्र कुमार लुहाड़िया प्राप्त किया। बाद में मंदिर से शोभायात्रा शुरू होकर छतरी चौराहा, ब्रह्मपुरी मोहल्ला, चौधरी मोहल्ला, बाहरी दरवाजा मार्ग, झंडू चौराहा होती हुई वापस मंदिर पर पहुंची। यहां अभिषेक शांतिधारा एवं आरती की गई। रात्रि को प्रवचन के बाद सामूहिक क्षमावाणी का कार्यक्रम हुआ, जिसमें छोटो ने बड़ों के पैर छूकर क्षमा याचना की तथा सभी ने एक-दूसरे से गत वर्ष की गई भूलो के लिये क्षमायाचना की। हमेशा की परम्परा अनुसार समाज के लोग एक दूसरे के घरों पर गए एवं सभी ने एक-दूसरे से क्षमा मांगी। विशेष तौर से बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मिठाई तथा शीतल पेय पदार्थों से स्वागत किया।

भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित

रावतभाटा, (निसं)। विद्या भारती चित्तौड प्रांत का भामाशाह सम्मान समारोह नाथद्वारा में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महुपूरा रावतभाटा के आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय के परिसर में अनिल नीता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं वंदना सभागार का निर्माण करवाने के लिए कैलाशपति ओझा एवं शारदा ओझा का विद्या भारती के प्रांतीय संतोष आनंद, प्रांतीय मंत्री डॉ सुरेंद्र कुमार अरोडा, विद्या भारती राजस्थान के सह संगठन मंत्री गोविंद कुमार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य हनुमान सिंह ने श्रीफल शाल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस भवन के निर्माण में एक करोड़ 15 लाख रुपए का खर्चा हुआ हैं। उनकी तरफ से यह सम्मान विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता एवं जिला अध्यक्ष महावीर प्रसाद गौतम द्वारा ग्रहण किया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार वैष्णव प्रबंध समिति के नंदकिशोर राठौड़, श्याम लाल मालव एवं प्रांत के प्रबंध समिति सम्मेलन में उपस्थित जिला कार्यकारिणी विद्यालयों की प्रबंध समिति एवं कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले श्रेष्ठ प्रधानाचार्य सहित 425 कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अभियान के तहत पौधारोपण किया

छबड़ा (निसं)। नगर पालिका प्रषासन के तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत चिल्ड्रन पार्क में एक पेड़ मां के नाम की थीम के तहत पौधरोपण किया। ई.ओ. संदीप गहलोत ने बताया कि पार्क में पीपल, नीम आदि के पौधे लगाए गए। इस पखवाड़े को देशभर में स्वच्छता पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा है। यहां जेईएन रवि शर्मा, एमआईएस देवेंद्र सिंह तथा सुनील मौजूद रहे। वहीं स्ववितपोशित कॉलेज में स्वच्छता ही सेवा अभियान का प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बिरधीलाल बैरवा के अनुसार प्राचार्य डॉ. आरसी मीणा ने अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि स्वच्छता ही सेवा है इससे बढकर अन्य कोई सेवा नहीं हो सकती। इस अवसर पर सहायक आचार्य डॉ. जितेंद्र सिंह, डॉ. सुरेश वैष्णव, डॉ. आशा भार्गव आदि मौजूद थे।

पाषाणकालीन सभ्यता के अवशेष मिले

रावतभाटा, (निसं)। रावतभाय उपखण्ड के कुण्डाल क्षेत्र के अमरपुरा (नाई की तलाई) के पास अमरपुरा के नाले में पाषाण कालीन सभ्यता के अवशेष मिले हैं। इन अवशेषों की खोज श्रीश्री 108 महात्यागी शंकरदास जी महाराज, नारायण सिंह परिहार, विशाल शर्मा, विष्णुशंकर राठोर एवं मनोज गुर्जर के सहयोग से महर्षि कण्व इतिहास शोध संस्थान कोटा के इतिहासकार डॉ. तेज सिंह मावई ने की है। डॉ तेज सिंह मावई ने जानकारी देते हुए बताया कि एक चट्टान हैं, जिस पर कपमार्क्स, उत्कीर्ण शैल चित्र एवं सफेद रंग से ओम की आकृघति बनी हुई है। कममार्क्स इतिहास कारों ने लाखों वर्ष पुराने माने है। ओम की आकृति ऐतिहासिक काल की है। चट्टान के पास एक पाषाण का छोटा मूसला रखा हुआ है। जिससे पाषाण काल में अनाज पीसने एवं हथियार के रूप में प्रयोग किया जाता था। वर्तमान में इसे शिवलिंग के रूप में पूजा जा रहा है। इस खोज ने रावतभाटा क्षेत्र को विश्व की पाषाणकालीन सभ्यता के मानचित्र पर ला दिया है। इस पुरास्थल से थोड़ी दूरी पर डॉ मावई द्वारा 2003 में खोजे गए शैल चित्र हैं, इस दृष्टि से यह स्थान प्रागैतिहासिक संस्कृति का केंद्र रहा है।

रेखा शर्मा एवं डॉ सुलोचना शर्मा को वशिष्ठ अवार्ड मिला

बून्दी (निसं)। हिंदी दिवस के अवसर पर विश्व हिंदी रचनाकार मंच के तत्वावधान में शिक्षा नगरी कोटा में आयोजित सम्मान समारोह में रचनाकारों का सम्मान अभिनन्दन के साथ पद्मश्री सुशील राकेश की पुस्तक का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व हिंदी रचनाकार संघ के संस्थापक एवं अध्यक्ष दिल्ली के डॉ. राघवेंद्र ठाकुर रहे तथा बूंदी की रेखा शर्मा एवं डॉ सुलोचना शर्मा में विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रही। राजकीय सार्वजनिक मंडल पुस्तकालय के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में बूंदी की रेखा शर्मा एवं डॉ सुलोचना शर्मा को वशिष्ठ अवार्ड से सम्मानित किया गया। राजस्थान राइटर अवार्ड फेस्टिवल के इस आयोजन में रेखा शर्मा, डॉ सुलोचना शर्मा, पवित्रा शर्मा, सुमित्रा ओझा, सुमन लता शर्मा शोभा पाठक एवं अरुणा चतुर्वेदी को राजस्थान आइडल वूमेन अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारत के अन्य राज्यों मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश गुजरात राजस्थान एवं अन्य जिलों से आए रचनाकारों का भी सम्मानित किया गया।

काव्य गोष्ठी का आयोजन

रावतभाटा, (निसं)। अनंत चतुर्दशी व विश्वकर्मा जी पूजा की संध्या बेला पर शहीद भगत सिंह समाज सेवा संस्थान के दि मैगजीन क्लब की और से एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे कवियों ने अपनी रचनाओ का पाठ किया, जिसमे हास्य, श्रृंगार से संबंधित कविताओं का पाठ किया। गोष्ठी देर तक चली, भोजन के उपरांत फिर से काव्यापठ किया गया। मुंबई महाराष्ट्र से उद्योगपति श्रीवास्तव ने डॉ कुलकर्णी और डॉ पवन ने भी कविता पाठ किया। जिसमे श्रृंगार रस की कविताएं प्रमुख रही डॉ कुलकर्णी मराठी भाषा में कविताएं लिखते और पढ़ते हैं। संस्थान के राजेश सिंह के तरफ से बताया गया कि ये विवेक सिंह के सहयोग से संपन्न हुआ और भविष्य में संस्थान द्वारा उत्तम विद्यालय और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भी प्रति वर्ष सम्मानित करने की भी योजना हैं, जिसके लिए आवेदन मांगे जाएंगे।

किसान प्रशिक्षण क